# उद्योगों को बढ़ावा देने जुटेंगे उद्यमी

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। यूपी में उद्योगों को बढ़ावा देने व एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) व एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। यह जानकारी आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल व महासचिव आलोक अग्रवाल ने मंगलवार को गोमतीनगर स्थित आईआईए भवन में में दी।

उद्यमी महासम्मेलन का मुख्य विषय 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टूवर्ड इंडस्ट्री 4.0 एंड 48' रखा गया है। इसमें विशेषज्ञों तथा उच्च पदाधिकारियों द्वारा रोडमैप पर चर्चा की जाएगी।

## प्रसंस्करण उद्योग पर राष्ट्रीय सेमिनार होगा

फूड एक्सपो में दो दिसम्बर को प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा देशभर की लगभग 75 कंपनियां अपने उत्पाद, मशीनरी तथा टेक्नोलॉजी का एक्सपो में प्रदर्शन करेंगी। इंडिया फूड एक्सपो प्रदर्शनी में विजिटर का प्रवेश नि :शुल्क रहेगा। indiafoodexpo.in पर यदि पूर्व में पंजीकरण कर ले तो प्रवेश में कम समय लगेगा।